## *सात दिवसीय हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग वर्कशॉप*

## ***"Using Sophisticated Instrumental Approaches to Characterize Novel Drug Delivery System"***

यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के द्वारा हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग वर्कशॉप "Using Sophisticated Instrumental Approaches to Characterize Novel Drug Delivery System" विषय पर 24 नवंबर से 30 नवंबर 2022 तक सात दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशॉप, डीएसटी स्तुति द्वारा प्रायोजित और सैफ, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित किया गया| इस कार्यक्रम के लिए विभिन्न राज्यों के 20 विश्वविद्यालयों से 30 छात्र व छात्राओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन का उद्घाटन यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के एम. एल. श्रॉफ हॉल में में किया गया| इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल**, माननीय कुलपति, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय ने हमारे जीवन में विज्ञान का महत्व बताया साथ ही राष्ट्रीय कल्याण करने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया| हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग वर्कशॉप से प्रैक्टिकल नॉलेज व इंटरप्रेन्योर स्किल डेवेलोप करने के लिए भी बढावा दिया| मुख्य संरक्षक एवं अध्यक्ष **प्रो. केशरी लाल वर्मा**, माननीय कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, ने अपने उदबोधन में कहा की स्तुति के द्वारा हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग वर्कशॉप यूनिवर्सिटी में आयोजित होना यह यूनिवर्सिटी के लिया बहुत गर्व की बात है पूर्व में भी हमारे यूनिवर्सिटी में हुए सफल ट्रेनिंग वर्कशॉप के बारे में बताया| साथ ही विभिन्न राज्यों से आए छात्र व छात्राओं को यूनिवर्सिटी भ्रमण करने को कहा एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी| संरक्षक **प्रो. शैलेन्द्र सराफ**, निर्देशक एचआरडीसी एवं संस्थापक निर्देशक, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने नोवेल फार्मूलेशन - माइक्रोबयोम के बारे में छात्र व छात्राओं को अवगत कराया| साथ ही नैनो कैर्रिएर व उसके कैरेक्टराइजेशन में सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट का महत्व भी बताया | इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के संयोजक **प्रो. स्वर्णलता सराफ**, निर्देशक, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने आने वाले दिनों में हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग वर्कशॉप में होने वाले व्याख्यान व विभिन्न सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट में विस्तार से जानकारी दी| ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, **डॉ. अंबर व्यास**, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय सभी अतिथियों, अन्य विभाग के निर्देशकों, सभी वक्ताओ, विभिन्न कंपनियों के सभी सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट को अपना कीमती समय व छात्र व छात्राओं को ट्रेनिंग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया| इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के अन्य विभाग के निर्देशक व डीएसटी स्तुति के रिप्रेजेन्टेटिव, डॉ. विवेक शिल राजपूत भी उपस्थित थे | इसके बाद वक्ता डॉ. विनोद कुमार, (पीएचडी, एसोसिएट प्रोफेसर एंड विभाग अध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ़ केमिस्ट्री, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ पंजाब, बठिंडा) ने विषय "नुक्लेअर मैग्रेटिक रेजोनेंस: इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन" पर व्याख्यान दिया| दोपहर में पर्किन एल्मर कंपनी से वक्ता श्री कौशिक कहली (सीनियर सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट, कोलकाता) ने विषय "डिफरेंशियल स्कैनिंग कैलोरीमीटर (डीएससी) इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन" पर व्याख्यान दिया| इसके बाद उन्होंने विभाग के शिक्षक प्रो. प्रीति के. सुरेश के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को डीएससी इंस्ट्रुमेंट पर हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग भी दिया |

ट्रेनिंग वर्कशॉप के दुसरे दिन 25 नवंबर 2022 को पेर्किन एल्मेर कंपनी के सीनियर सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट श्री गौतम भट्टाचार्जी ने विषय "फौरिएर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफटीआईआर): इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन पर व्याख्यान दिया| इसके बाद उन्होंने विभाग के शिक्षक प्रो. मंजू सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को एफटीआईआर इंस्ट्रुमेंट पर हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग भी दिया | दोपहर में वक्ता डॉ. शिव शंकर शुक्ला, (प्रोफेसर, कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी,रायपुर) के द्वारा विषय "प्रोस्पेक्टिव ऑफ़ एनालिटिकल मेथड डेवलपमेंट एंड

वेलिडेशन इन साइंटिफिक रिसर्च" पर व्याख्यान दिया | इसके बाद वक्ता डॉ. अखलेश के. जैन, (असिस्टेंट प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर) ने विषय इन विट्रो व इन विवो कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ फार्मास्यूटिकल नैनोकैरिएर युस्ड फॉर ड्रग डिलीवरी सिस्टम पर व्याख्यान दिया |

ट्रेनिंग वर्कशॉप के तीसरे दिन 26 नवंबर 2022 को फार्मेसी संस्थान के शिक्षकों डॉ. राजेंद्र जांगड़े, श्री अदीप कुजूर, श्री राकेश तिर्की के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों को 9M इंडिया लिमिटेड फार्मास्युटिकल प्लांट का भ्रमण कराया गया| वह् के वरिषठ अधिकारीयों ने प्रतिभागियों को प्लांट के सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट जैसे एचपीएलसी, टेबलेट कोटिंग मशीन, टेबलेट डीजोलुसन, सिरप पैकेजिंग मशीन के बारे में विस्तार से बताया| यहाँ प्रतिभागियों को टेबलेट, सिरप, अम्पयुल्स, और इनके फार्मूलेशन और पैकेजिंग को बनते हुए भी  दिखाया|  प्लांट के निर्देशक श्री मनीष अग्रवाल एवं जनरल मेनेजर श्री संजय व्यास ने रोजगार के विषय पर चर्चा की एवं  सभी छात्र व छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं  दी|

ट्रेनिंग वर्कशॉप के चौथे दिन 27 नवंबर 2022 को प्रो. एन. एस. हरि नारायण मूर्ति, (इंदिरा गाँधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक, मध्यप्रदेश) ने विषय "एनालिटिकल मेथड्स वेलिडेशन: ओवरव्यू ओं स्टैटिस्टिकल एंड कम्प्यूटेशनल अप्प्रोअचेस" पर व्याख्यान दिया| इसके बाद दुसरे वक्ता प्रो. नागेन्द्र सिंह चौहान, (सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर, ड्रग्स ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी एवं अनुसन्धान,केंद्र,रायपुर) ने विषय "सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंटल अप्प्रोअचेस टू केरेक्टाराइज आयुर्वेदिक नैनोफार्मूलेशन स्वर्ण प्राशन पर व्याख्यान दिया| दोपहर में ब्युकी कंपनी से तीसरे वक्ता श्री सुशांत दास, (सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट, मुंबई) ने विषय "फ़्लैश क्रोमैटोग्राफी" इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन पर  व्याख्यान दिया | इसके बाद उन्होंने विभाग के शिक्षकों प्रो. एस.जे. डहरवाल, एवं  डॉ. दीपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को फ़्लैश क्रोमैटोग्राफी व स्पीड एक्सट्रैक्टर इंस्ट्रुमेंट पर  हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग भी दि|

ट्रेनिंग वर्कशॉप के पांचवे दिन 28 नवंबर 2022 को डॉ. शैलेन्द्र मांगडे ( एसोसिएट डायरेक्टर, फार्मूलेशन आर एंड डी, स्लैबैक फार्म, हैदराबाद) ने  विषय " फार्मास्यूटिकल सॉलिड-स्टेट कैरेक्टराइजेशन" पर व्याख्यान दिया| इसके बाद दुसरे वक्ता डॉ. रविन्द्र पाण्डेय (कोलंबिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी,रायपुर) ने विषय "अपॉर्चुनिटीईज़ एंड चैलेंजेस इन ड्रग डिस्कवरी थ्रू प्लांट सोर्स" पर व्याख्यान दिया| दोपहर में एंक्रोम कंपनी से  वक्ता श्री मोहित उपाध्य, (सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट, मुंबई) ने विषय "हाई परफॉरमेंस थिन लेयरक्रोमैटोग्राफी (एचपीटीएलसी)" इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन पर  व्याख्यान दिया| इसके बाद उन्होंने विभाग के शिक्षक प्रो. विशाल जैन के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को एचपीटीएलसी इंस्ट्रुमेंट पर हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग भी दिया | सभी प्रतिभागियों को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भू-विज्ञान एवं जल संसाधन प्रबंधन अध्ययनशाला  में भ्रमण भी कराया गया|

ट्रेनिंग वर्कशॉप के छठवे दिन 29 नवंबर 2022 को प्रो. एस. के. जैन (डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश) ने विषय "पार्टिकल साइज़ एनालिसिस" पर व्याख्यान दिया| इसके बाद दुसरे वक्ता डॉ. अजजुद्दीन (रुंगटा कॉलेज ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च, भिलाई), ने  विषय "एफटीआईआर स्पेक्ट्रोस्कोपी" पर व्याख्यान दिया| दोपहर में एंटोन पार, से वक्ता श्री कपिल जोशी, (सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट, हरयाणा) ने  विषय "जीटा साईज़र" इंस्ट्रूमेंटेशन एंड एप्लीकेशन पर व्याख्यान दिया| इसके बाद एंटोन पार कंपनी से वक्ता  श्री शागनिक घोष, (सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट स्पेशलिस्ट, हरयाणा) ने विभाग के शिक्षक प्रो. राजेंद्र जांगड़े के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को जीटा साईज़र इंस्ट्रुमेंट पर हैंड्स ऑन – ट्रेनिंग  दिया|

ट्रेनिंग वर्कशॉप के सातवे दिन 30 नवंबर 2022 को प्रो. प्रीति के. सुरेश (यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने विषय "कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ नैनोकैरिएर- बेस्ड ओक्युलर ड्रग डिलीवरी प्लेटफार्म " पर व्याख्यान दिया| इसके बाद दुसरे वक्ता डॉ. **डॉ. अंबर व्यास** (यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर), ने विषय "मैकेनिस्टिक इनसाइट इनटू कोक्रिस्टल डिसप्रोपोर्सनेसन इन फार्मूलेशन: रोले ऑफ़ एक्ससिपिएंट " पर व्याख्यान दिया| इसके बाद **प्रो. स्वर्णलता सराफ**, (निर्देशक, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर), ने विषय "करंट स्टेटस ऑफ़ कॉस्मेटिक टेक्नोलॉजी एंड कैरेक्टराइजेशन" पर व्याख्यान दिया|

इस के बाद प्रोग्राम का समापन, फार्मेसी इंस्टीट्यूट के एम. एल. श्रॉफ हॉल में किया गया | इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं अध्यक्ष **प्रो. केशरी लाल वर्मा**, माननीय कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने अपने उदबोधन में कहा की भारत का भविष्य युवाओं के हाथ में है, उन्हें प्रशिक्षित करने व आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है| यह एक प्रयास था जिससे वे सोफिस्टीकेटेड इंस्ट्रुमेंट में ट्रेनिंग ले सके व राष्ट्रीय कल्याण हेतु अपना योगदान दे सके | साथ ही सभी वक्ताओं व प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया| इस कार्यक्रम के संरक्षक **प्रो. शैलेन्द्र सराफ**, निर्देशक एचआरडीसी एवं संस्थापक निर्देशक, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, ने उदबोधन में कार्यक्रम के प्रतिभागियों को धन्यवाद् ज्ञापन के साथ नई उर्जा एवं नए ज्ञान जो कि इस सात दिवसीय ट्रेनिंग वर्कशॉप से प्राप्त किया है वह उनके अनुसंधान के लिए सहायक होंगे और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी | इस कार्यक्रम के संयोजक **प्रो. स्वर्णलता सराफ**, निर्देशक, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने विभिन्न राज्यों के 20 विश्वविद्यालयों के 30 छात्र व छात्राओं के साथ बातचीत किया एवं उनके अनुसंधान कार्य में इस ट्रेनिंग का महत्व के बारे में जाना| इस कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, **डॉ. अंबर व्यास**, विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) ने विभिन्न राज्यों से आए हुए सभी वक्ताओं व प्रतिभागियों एवं विश्वविद्यालय फार्मेसी संस्थान के सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया| सभी प्रतिभागियों को माननीय कुलपति के द्वारा सात दिवसीय ट्रेनिंग में समिलित होने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया|

Day 1 - 24 नवंबर 2022























**Day 2 -** 25 नवंबर 2022










**Day 3 -** 26 नवंबर 2022





**Day 4 -** 27 नवंबर 2022










**Day 5 -** 28 नवंबर 2022


















**Day 6 -** 29 नवंबर 2022








**Day 7 -** 30 नवंबर 2022













DST Sponsored
(STUTI)
Hands-on Training Program
Novel Drug Delivery System"








DST Sponsored
Synergistic Training Program